हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
3 अगस्त 2024, समय 1305

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत अतिरिक्त खाद्यान्न उत्पादन करने वाला देश है और वह वैश्विक खाद्य सुरक्षा एवं वैश्विक पोषण सुरक्षा कार्यों में लगा हुआ है। भारत रसायनमुक्त प्राकृतिक खेती को बढावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार सुधारों के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रही है और इनका उद्देश्य किसानों के जीवन में सुधार लाना है।आज नई दिल्ली में 32वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कृषि, सरकार की आर्थिक नीति का मुख्य केंद्र है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024-25 के केंद्रीय बजट में सतत कृषि पर विशेष ध्यान दिया गया है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने पिछले दस वर्षों में जलवायु अनुकूल फसलों की 1900 नई किस्में उपलब्ध कराई हैं। भारत मोटे अनाज, दूध, दाल और मसालों का सबसे बडा उत्पादक है।उन्होंने कहा कि देश के कृषि क्षेत्र में डिजीटल प्रौद्योगिकी का उपयोग हो रहा है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत दस करोड किसानों के बैंक खातों में एक क्लिक से पैसे पहुंच जाते हैं।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सिख समाज के लोगों से हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मतदाता सूची में अधिक से अधिक नाम दर्ज करवाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहले नाम दर्ज करवाने के लिए ली जाने वाली 100 रुपये की फीस अब खत्म कर दी है। वोट बनवाने के लिए एक अभियान चलाया जाएगा।उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर कोई कानूनी अड़चन नहीं आई तो हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव शीघ्र ही करवाए जाएंगे। इसके अलावा, उन्होंने असंध को जिला बनाने का आश्वासन देते हुए कहा कि इसके लिए मंत्रिमण्डल की एक उप-समिति गठित की गई है। नियम पूरे होंगे तो असंध को जिला बनाया जाएगा।मुख्यमंत्री कल अपने आवास पर जगदीश सिंह झींडा के नेतृत्व में आए सिख समाज के लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।इस अवसर पर सिख भाईचारे के लोगों ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र भी सौंपा।

....

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित विशेष लोक अदालत का आज आखिरी दिन है। इसका उद्देश्य नागरिकों को यथासंभव सरल और त्वरित न्याय प्रदान करना है। सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यह पहल की है। लोक अदालतें सुलभ और कुशल न्याय प्रदान करती हैं, जो त्वरित और किफायती होती हैं।

पेरिस ओलंपिक में कल 7वे दिन भारतीय खिलाडियों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में जीत दर्ज की। बैडमिंटन में लक्ष्य सेन सिंगल्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरूष खिलाडी बन गए हैं। लक्ष्य ने कल रात क्वार्टर फाइनल में 12वीं वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चाउ T.N चेन को शिकस्त दी।निशानेबाजी में मनु भाकर महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गईं हैं। क्वालीफाइंग राउंड में मनु कुल 590अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।पुरुष हॉकी में भारत ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले से पहले अपने आखिरी ग्रुप मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 3-2 से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। क़ाबिले ग़ौर है कि भारत ने 52 साल बाद ओलंपिक में हॉकी में ऑस्ट्रेलिया को हराया है। कल क्वार्टर फाइनल में भारतीय टीम का मुकाबला ब्रिटेन से होगा।

हरियाणा के वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि किसी भी प्रभावशाली व्यक्ति या अधिकारी को गरीब पात्र लोगों के हक पर डाका नहीं डालने दिया जाएगा। अंत्योदय परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने और ऋण संबंधी वित्तीय सहायता प्रदान करने की एवज में भ्रष्टाचार करने वाले किसी भी बैंक अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों का उत्थान करना सरकार का मुख्य लक्ष्य है।श्री दलाल भिवानी में हरियाणा उदय के तहत आयोजित जिला स्तरीय आउटरीच कार्यक्रम में पात्र व्यक्तियों को अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत स्वीकृत ऋण पत्र प्रदान करने के बाद बोल रहे थे।श्री दलाल ने कहा कि अंत्योदय परिवारों को घर बैठे योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही चंडीगढ़ मुख्यालय में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैंकों के उच्च अधिकारियों के साथ एक बैठक करेंगे। बैठक के दौरान जिलों में बैंकों द्वारा ऋण संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी, दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी।

....